हरिभूमि (Hari Bhoomi)

दिनाँक (Dated): 23/08/2024	पृष्ठ सं० (Page No). 03	क्रम सं०(Serial No.) 6

दिल्ली हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ के जवान ने 'सीपीआर' देकर बचाई यात्री की जान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर एक यात्री के गिरने के बाद उसे तुरंत कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर उसकी बचाई। सीआईएसएफ के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। सीपीआर एक ऐसी जीवन रक्षक प्रक्रिया है जो हृदय गति के रुकने पर की जाती है। यह घटना 20 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 पर हुई। प्रवक्ता ने बताया कि यात्री इंडिगो की उड़ान से श्रीनगर जाने वाला था लेकिन वह हैंड ट्रॉली स्टैंड के पास ही गिर पड़ा। उन्होंने बताया कि सीआईएसएफ की दो सदस्यीय त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) ने यात्री को गिरते देखा और उनमें से एक ने तुरंत उसे सीपीआर दिया। इसके बाद यात्री को सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा कि सीआईएसएफ जवानों की सतर्कता ने एक व्यक्ति की जान बचा ली।